शाहजहाँपुरपुलिस

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य 05.04.2024

थाना जलालाबाद पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

01 अभियुक्त को 10 किलोग्राम (मादक पदार्थ) डोडा पोस्त के साथ किया गिरफ्तार ।

श्री अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम तथा क्रियाशील व चिन्हित किये गये अपराधियों /वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री मनोज कुमार अवस्थी पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन एवं श्री अजय कुमार राय क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान के नेतृत्व मे लगातार की जा रही कार्यवाही के क्रम में

दिनांक 05.04.2024 को थाना जलालाबाद पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान अभियुक्त मनोज उर्फ राजा पुत्र लालाराम निवासी ग्राम बड़ा हरेवा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर को वहद ग्राम बड़ा हरेवा के पास से समय करीब 07.20 बजे 10 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त (मादक पदार्थ) के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त मनोज उर्फ राजा उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 327/2024 धारा 8/15 NDPS ACT पंजीकृत करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पूछताछ अभियुक्त -

अभियुक्त मनोज उर्फ राजा उपरोक्त ने पूछने पर बताया कि मैं ग्राम खाईखेडा की बाजार से विजय नाम के व्यक्ति से डोडा पोस्त खरीदता हूं और अधिक रेट पर सड़क किनारे बने होटल ढाबों पर बेच देता हूं। मैं यह काम काफी समय से कर रहा हूं , मैं चोरी छुपकर यह काम करता रहता हूं मैं आज तक पकडा नहीं गया , आज मैं इसे लेकर सड़क किनारे बने होटल ढाबों पर बेचने जा रहा था तो पुलिस ने पकड लिया , साहब मुझसे गलती हो गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

मनोज उर्फ राजा पुर लालाराम निवासी ग्राम बड़ा हरेवा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर

पंजीकृत अभियोग का विवरणः—

मु0अ0सं0 327/2024 धारा 8/15 NDPS ACT थाना जलालाबाद

बरामदगी का विवरण

10 किलोग्राम डोडा पोस्त (मादक पदार्थ)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण –

1. प्रभारी निरीक्षक श्री हरपालसिंह बालियान थानाजलालाबाद जनपद शाहजहांपुर
2. उ0 नि0 श्री राकेश कुमार थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर
3. हे0का0 11 नरेन्द्र सिंह थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर
4. का0 2759 नरेन्द्र सिंह थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर
5. का0 2759 अंकित कुमार थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर